How to use magic wand tool in photoshop

Magic wand tool in photoshop में हम सीखेंगे की magic wand tool क्या होता है (what is magic wand tool?) और यह कैसे काम करता है? (How to use magic wand tool?) फोटोशॉप में मैजिक टूल का क्या उपयोग है और हम example की सहायता से समझेंगे की इससे कैसे use करें? तो चलिए शुरू करते है

what is magic wand tool?

फोटोशॉप में कोई भी काम करेने के लिए ज्यादातर फोटो में सिलेक्शन करना ही होता है जिससे की हम फोटोशॉप को बता सकें की हमे फोटो के कितने हिस्से पर काम करना है

यह टूल भी एक सलिक्शन टूल है जिसके द्वारा पहले इमेज का वह भाग सेलेक्ट करते है जिस पर कोई इफ़ेक्ट डालना है या कोई करेक्शन करना है सिलेक्शन हो जाने के बाद उस भाग पर अन्य कोई टूल इस्तेमाल कर सकते है

यदि बिना सिलेक्शन के कोई टूल इमेज पर apply किया जायेगा तो वह पूरी इमेज पर अप्लाई होगा

यदि आप photoshop CS 2 उपयोग करते है तो आपको इस टूल को सेलेक्ट करेने के लिए टूलबॉक्स में इसके icon पर क्लिक करना होगा और यदि आप CS 3 या CS 5 से upper version use करते है तो आपको Quick Selection tool icon पर right click करना होगा तो आपको Magic wand tool दिखाई देगा उस पर क्लिक करने के बाद आप इसे use कर सकते हैं

इसकी शॉर्टकट की यानि keyboard shortcut "W" है।

यह टूल कैसे काम करता है? (how to use magic wand tool in photoshop)

यह टूल image पर कलर के आधार पर सिलेक्शन करता है जब हम किसी कलर पर क्लिक करते हैं तब यह टूल उसी कलर से मिलते-जुलते कलर के पिक्सेल को भी सेलेक्ट कर लेता है जिससे हमारा काम आसान हो जाता है

इस सिलेक्शन में आप फोटो के और भाग को भी जोड़ सकते हैं उसके लिए Add to selection option काम आता है इसे Shift बटन को दबाकर भी उपयोग किया जा सकता है

जैसा की नीचे इमेज में दिखाया है आप देख सकते हैं पहली बार क्लिक करने पर कुछ भाग सेलेक्ट हुआ है और कुछ सेलेक्ट नहीं हो पाया है ऐसा इसलिए हुआ क्योकि यह एक बार में एक ही कलर वाले pixels को select करता है और यदि आप छूटे हुए हिस्से को भी सेलेक्ट करना चाहते है तो shift button के

www.tutorialinhindi.in

साथ उस छूटे हुए भाग पर क्लिक करें तो आप देखेंगे की वह भी पहले वाले selection में add हो जाता है

इसी तरह आप अपने मनचाहे image portion को select कर सकते हैं और फिर उस पर अपनी जरुरत के अनुसार effect दे सकते हैं

टूल को सेलेक्ट करते ही आपको ऊपर toolbar पर Magic wand tool से सम्बंधित options दिखाई देंगे जैसे-

New Selection

नई सिलेक्शन करने के लिए इस ऑप्शन को सेलेक्ट करें इसके उपयोग से इमेज पर नया कलर बेस्ड सिलेक्शन दिखाई देगा यह सिंगल क्लिक पर ही वर्क करने लगता है।

Add to Selection

इसके द्वारा आप अपने पहले से select portion में और नया selection add कर सकते हैं जिससे आपका सिलेक्शन पूरा करने में मदद मिलती है और आप फोटो को अपने वर्क के लिए ready कर पाते है।

Substract from selection

जैसा की अपने ऊपर add to selection option में देखा, पहले सिलेक्शन में और portion add करने के लिए add to selection बहुत उपयोगी है उसी तरह Substract from selection option के द्वारा पहले से सेलेक्ट portion में से किसी भाग को हटाया जा सकता है

इसके लिए Substract from selection option को चुनकर उस भाग पर क्लिक करें जिसे सिलेक्शन से हटाना है और बस आप पाएंगे की similer color pixels deselect हो चुके हैं

इसका उपयोग सामन्यता Alt Button को दबाये रखकर क्लिक करने से भी होता है

Intersect with selection

www.tutorialinhindi.in

यह ऑप्शन पहले से selected भाग के अंदर सिलेक्शन करने के लिए उपयोगी है जैसे की यदि आप किसी भी टूल से फोटो के कोई भाग को सेलेक्ट कर चुके है और सिर्फ उसके अंदर ही magic tool उसे करना चाहते है तब उसका उपयोग कर सकते हैं।

इसकी shortcut key Shift + Alt है इसके साथ माउस क्लिक करके इस ऑप्शन का use कर सकते हैं।

Tolerance

यह बहुत ही जरूरी और अच्छा ऑप्शन है इसे समझना बहुत आवश्यक है

Tolerance एक Range है जो बताती है की कितने similer pixels को सेलेक्ट करना है

यह 0 - 255 तक हो सकती है लेकिन ज्यादातर हम 20 - 40 तक ही इसका उपयोग करते हैं

यह एक मानक की तरह है जो की कम हो तो color range को कम कर देता है जिससे हम specific कलर वाले पिक्सेल को सेलेक्ट कर सकते हैं
और ज्यादा number use करें तो और अधिक color range सेलेक्ट की जाती है जिससे इमेज का अधिक भाग सेलेक्ट किया जा सकता है जोकि लगभग सामान कलर का होता है।

Anti-alias

magic tool का उपयोग और बेहतर बनाने के लिए photoshop में और भी कुछ option जोड़े गए है जिसमें Anti alias भी एक जरुरी ऑप्शन है

जब आप Anti alias के chech box पर क्लिक करते है और मैजिक टूल का उपयोग करते है तो इससे सिलेक्शन की edge smooth हो जाती है मतलब जो भाग सेलेक्ट होता है उसकी किनारियाँ थोड़ी smooth दिखाई देती है

कई बार selection path बहुत ही harsh दिखाई देता है तो ऐसी स्थिति से बचने के लिए Anti alias पर क्लिक करना सही होता है

वैसे तो by default यह check box clicked ही रहता है। जो की जरुरी भी है।

Contiguous

www.tutorialinhindi.in

Contiguous option बहुत ही अच्छा ऑप्शन है अपने देखा होगा की magic wand tool similer color tone को पकड़ता है। यदि आप Contiguous check box को क्लिक नहीं करते है तो यह पूरी फोटो में मौजूद मिलती जुलती सभी pixels को सेलेक्ट कर लेता है जो आपके क्लिक किये हुए भाग के कलर से मिलती है।

और यदि Contiguous check box क्लिक किया हुआ है तो यह केवल क्लिक किये हुए भाग से जुडी pixels को ही सेलेक्ट करता है फिर भले ही उसी कलर का कोई भाग फोटो में कहीं और भी हो तो मैजिक टूल उसे सेलेक्ट नहीं करता है।

इस तरह आप अपनी जरुरत के अनुसार इस ऑप्शन को on या off कर सकते हैं।

वैसे तो by default यह check box clicked ही रहता है।

Sample All Layers

Sample All Layers option का उपयोग तब किया जाता है जब हमे अपनी फाइल में मौजूद सभी layers पर same type का सिलेक्शन करना हो

दूसरे शब्दों में कहें तो यदि आपकी फाइल में एक से अधिक layers हैं और आप चाहते है की जो लेयर सबसे ऊपर है उसके अनुसार magic tool सिलेक्शन करे और वही सिलेक्शन सभी layers पर उपयोग किया जा सके तो Sample All Layers option box पर क्लिक करके ही इसका उपयोग करें।

वैसे by default यह check box clicked नहीं रहता है।

इस तरह [magic wand tool in photoshop] के बारे में हमने आपको जानकारी दी है, उम्मीद है कि आप को सरल भाषा में टूल्स और उनका उपयोग कैसे करें समझ आया होगा।

यदि आपको अभी भी कोई सवाल है, तो आप comment के द्वारा पूछ सकते हैं, आपके सवालों का जवाब देने की पूरी कोशिश की जाएगी।

अगर आपको जानकारी पसंद आई हो, तो इसे अपने दोस्तों के साथ जरूर शेयर करें।

Tutorial in Hindi

www.tutorialinhindi.in